Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

| प्रश्न पत्र संख्या 32/1/3 | | |
|---|---|---|
| प्र. सं. | अपेक्षित उत्तर और मूल्य बिंदु | अंक |
| 1. | **यूरोप के क्रान्तिकारियों का मुख्य उद्देश्य -**<br>राजसी प्रकार की सरकारों का विरोध<br>अथवा<br>**वियतनाम में औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था के आधार**<br>(i) चावल की कृषि<br>(ii) रबड़ के बागान | 13(इ.), 1<br><br>33,(इ.), ½+½=1 |
| 2. | **अवसादी शैलों में खनिजों का पाया जाना -**<br>अवसादी शैलों में खनिज संस्तरों या परतों में पाये जाते हैं। इनका निर्माण क्षैतिज परतों में निक्षेपण, संचयन व जमाव का परिणाम है। | 54(भू.), 1 |
| 3. | **बोलिविया में पानी के निजीकरण के खिलाफ आंदोलन की अगुवाई करने वाला संगठन :** ''फेडेकोर'' | 62 (रा.), 1 |
| 4. | **निवेश और विदेशी निवेश में अन्तर-** परिसंपत्तियों (भूमि, भवन, मशीन और अन्य उपकरणों) की खरीद में व्यय की गई मुद्रा को निवेश कहते हैं; जबकि बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किये गए निवेश को विदेशी निवेश कहते हैं। | 57 (अ.), 1 |
| 5. | **शब्द चिन्ह** (लोगो)<br>आई. एस. आई. | 85 (अ.), 1 |
| 6. | **खास मुद्दे पर केन्द्रित आंदोलन और सार्वभौम प्रकृति के आंदोलन में भिन्नताः** खास मुद्दे पर आधारित आंदोलन एक उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सीमित समय तक ही सक्रिय होते हैं; जबकि सार्वभौम प्रकृति | |



Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

| प्र. सं. 32/1/3 | अपेक्षित उत्तर और मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | के आंदोलन व्यापक उद्देश्य की प्राप्ति के लिए लम्बे समय तक चलते हैं। | 65 (रा.), 1 |
| 7. | **राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक संगठन होते हुए भी राष्ट्रीय दल न होने वाले राजनीतिक दल का नाम :** | |
| | समाजवादी पार्टी, समता पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल किसी एक का उल्लेख। | 81 (रा.), 1 |
| 8. | **ब्याज के संदर्भ में औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्र को की तुलना-** | |
| | औपचारिक ऋणदाताओं की तुलना में अनौपचारिक क्षेत्रक के ऋणदाता अधिक ब्याज वसूल करते हैं। | 49(अ.), 1 |
| 9. | **वस्त्र उद्योग उत्पाद तक की श्रृंखला में परिपूर्ण तथा आत्मनिर्भर है-** | |
| | (i) वस्त्र उद्योग का औद्योगिक उत्पादन में महत्वपूर्ण (14 प्रतिशत) योगदान है। | |
| | (ii) यह बड़ी संख्या में (35 लाख) लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाकर कृषि के बाद दूसरा बड़ा उद्योग है। | |
| | (iii) इससे बड़ी मात्रा में (24.6 प्रतिशत) विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है। | |
| | (iv) सकल घरेलू उत्पाद में इसका लगभग 4 प्रतिशत योगदान है। | |
| | (v) कोई अन्य संबद्ध बिन्दु। | |
| | किन्हीं तीन बिन्दुओं की मदद से इस कथन को न्यायसंगत ठहराना है। | 69 (भू.), $3 \times 1 = 3$ |
| 10. | **राष्ट्रीय राजनीतिक दल** | |
| | राष्ट्रीय राजनीतिक दल उन्हें कहा जाता है जिनकी विभिन्न राज्यों में इकाइयाँ हैं। ये इकाइयाँ राष्ट्रीय स्तर पर तय होने वाली नीतियों, कार्यक्रमों और रणनीतियों को ही मानती है। (1) | |



Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

| प्र. सं. 32/1/3 | अपेक्षित उत्तर और मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | **आवश्यक शर्तें**<br>(i) अगर कोई दल लोकसभा चुनावों में पड़े कुल वोट का अथवा चार राज्यों के विधान सभाई चुनाव में पड़े कुल वोटों का 6 प्रतिशत हासिल करता है।<br>(ii) लोकसभा के चुनाव में कम से कम चार सीटों पर जीत दर्ज करता है तो इन शर्तों के पूरा करने पर वह राष्ट्रीय दल कहलाता है। (2 x 1 = 2) | 79 (रा.), 1 + 2 = 3 |
| 11. | **वर्ग विशेषी समूह**<br>वर्ग विशेषी समूह वे होते है जो समाज के किसी खास हिस्से अथवा समूह के हितों को बढ़ावा देते हैं। (1)<br>**कार्य विधि**<br>(i) अन्य समूहों के अनावश्यक प्रभाव को कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।<br>(ii) ये समूह अपने समाज की आवश्यकताओं और समस्याओं के प्रति जाग्राति पैदा करते हैं।<br>(iii) इनका लक्ष्य अपने सदस्यों के हितों को बढ़ावा देना है न कि सर्व सामान्य समाज का।<br>(ii) कोई अन्य संबद्ध बिंदु।<br>किन्हीं दो बिंदुओं का वर्णन अपेक्षित (2 x 1 = 2) | 64 (रा.), 1 + 2 = 3 |
| 12. | **औपचारिक क्षेत्रक की साख की गतिविधियों को हतोत्साहित करना-**<br>(i) शहरी क्षेत्रों के निर्धन परिवारों की कर्जों की 85 प्रतिशत आवश्यकताएं अनौपचारिक स्रोतों से पूरी होती है। | |



Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

| प्र. सं. 32/1/3 | अपेक्षित उत्तर और मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | (ii) अनौपचारिक क्षेत्रक के ऋणदाता अपने ऋणों पर बहुत अधिक ब्याज वसूल करते हैं।<br>(iii) वे अधिक से अधिक ब्याज लेने का प्रयास करते हैं।<br>(iv) उनकी न कोई सीमाएं हैं और न कोई बंधन।<br>(v) ऋण की ऊँची लागत का अर्थ है कर्ज़दार की आय का अधिकतर हिस्सा ऋण की अदायगी में खर्च हो जाता है।<br>(vi) कुछ मामलों में ऋण की ऊँची ब्याज दरों के कारण कर्ज वापस करने की रकम कर्ज़दार की आय से भी अधिक हो जाती है।<br>(vii) इससे ऋण का बोझ बढ़ जाता है और व्यक्ति ऋण के जाल में फंस जाता है। इसलिए अनौपचारिक क्षेत्रक की साख की गतिविधियों को हतोत्साहित करना चाहिए।<br>(viii) कोई अन्य संबद्ध बिन्दु।<br>किन्हीं तीन बिन्दुओं तर्कों सहित स्पष्ट करना अपेक्षित है। | 49 (अ.),<br>3 x 1 = 3 |
| 13. | **परीक्षार्थियों को सक्षम परिवहन के साधनों की महत्ता अपने शब्द में व्यक्त करनी है। मूल्य आधारित प्रश्न होने के नाते विकास परिवहन के साधनों पर निर्भर है। परीक्षार्थियों की अभिव्यक्ति विचारणीय है।** | 3 |
| 14. | **नारी की छवि राष्ट्र के रूपक के रूप में**<br>कलाकारों ने राष्ट्र को व्यक्ति के रूप में व्यक्त करने का उपाय निकाला। उस समय राष्ट्रों को नारी भेष में प्रस्तुत किया गया। राष्ट्र को व्यक्ति का जामा पहनाते हुए जिस नारी रूप को चुना गया, वह जीवन में कोई खास महिला नहीं थी। यह तो राष्ट्र के अमूर्त विचार को ठोस रूप प्रदान करने का प्रयास था। इस प्रकार नारी की छवि राष्ट्र का रूपक बन गई। फ्रान्सीसी क्रान्ति के दौरान कलाकारों ने स्वतंत्रता न्याय और गणतंत्र जैसे विचारों को व्यक्त करने के लिए नारी रूपक का प्रयोग किया। | 23 (इ.), 3 |



Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

| प्र. सं. 32/1/3 | अपेक्षित उत्तर और मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | **अथवा** | |
| | **वियतनाम में राष्ट्रवाद का उदय** | |
| | फ्रांसीसीयों द्वारा वियतनाम के उपनिवशीकरण ने देश के लोगों को जीवन के सभी क्षेत्रों में उपनिवेशियों के साथ संघर्ष करने का अवसर प्रदान किया। वियतनाम के लोगों को यह समझ आने लगी कि वे क्या-क्या खो चुके हैं। इस समझ से वियतनाम में राष्ट्रवाद के बीज पड़े। उपनिवेशी सरकार के प्रयत्नों के विरूद्ध अध्यापक व विद्यार्थी उठ खड़े हुए। पश्चिम की उपस्थिति के प्रति कई धार्मिक आंदोलन विरूद्ध हो गए। चीन के घटनाक्रम ने भी राष्ट्रवादियों के हौसले बढ़ा दिए। वियतनामी विद्यार्थी फ्रांसीसीयों के विरूद्ध स्वतंत्रता आंदोलन के लिए एसोसियशन के रूप में संगठित हुए। | |
| | समग्ररूप में मूल्यांकन अपेक्षित। | 30 (इ.), 3 |
| 15. | **1921 तक स्वराज का झण्डा गान्धी जी ने तैयार कर लिया था।** | |
| | **विशेषताएं** (1) | |
| | (i) यह तिरंगा झण्डा - लाल, हरा और सफेद था। | |
| | (ii) इसके मध्य में चरखा था। | |
| | (iii) यह गांधीवादी विचार - स्वावलंबन का प्रतीक था। | |
| | (iv) जलूसों में झंडा थामे चलना शासन के प्रति अवज्ञा का संकेत बना। | |
| | किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या। $(2\times1=2)$ | 72 (इ.), $1+2=3$ |
| 16. | **सविनय अवज्ञा आंदोलन और असहयोग आंदोलन में भिन्नताः** | |
| | **असहयोग आंदोलन** | |
| | (i) लोगों से सरकार को सहयोग न करने के लिए कहा गया। | |
| | (ii) विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया गया। | |



Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

| प्र. सं. 32/1/3 | अपेक्षित उत्तर और मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | (iii) शराब की दुकानों की पिकेटिंग की गई। | |
| | (iv) विदेशी कपड़ों की होली जलाई गई। | |
| | (v) अनेक स्थानों पर व्यापारियों ने विदेशी चीजों का व्यापार करना या विदेशी व्यापार में पैसा लगाने से इंकार कर दिया। | |
| | (vi) विद्यार्थीयों ने स्कूल और कालेज छोड़ दिए। | |
| | (vii) वकीलों ने मुकदमे लड़ने बंद कर दिए। | |
| | **सविनय अवज्ञा आंदोलन** | |
| | (i) लोगों से औपनिवेशिक कानूनों का उलंघन करने के लिए आह्वान किया गया। | |
| | (ii) देशवासियों ने नमक कानून तोड़ा। | |
| | (iii) किसानों ने लगान और चौकीदारी कर चुकाने से इन्कार कर दिया। | |
| | (iv) गांवों में तैनात कर्मचारी इस्तीफे देने लगे। | |
| | (v) जंगलों में रहने वाले लोग वन कानूनों का उल्लंघन करने लगे। | |
| | किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या। | 58, 64 (इ.) 3 x 1 = 3 |
| 17. | **प्रान्तीय दल, राष्ट्रीय स्तर के गठबंधना का अवसर चाहते है -** | |
| | 2014 के आम चुनावों से पहले तीन आम चुनावों में किसी भी एक राष्ट्रीय दल को लोकसभा में बहुमत नहीं मिला था। इसके परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय दलों को क्षेत्रीय/प्रान्तीय दलों से गठबंधन करने के लिए विवश होना पड़ा। 1996 से प्रायः हर प्रान्तीय दल ने राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन सरकार का अंग बनने का अवसर प्राप्त किया। इससे संघवाद और लोकतंत्र को अधिक मजबूत हुआ है। | |
| | समग्ररूप में मूल्यांकन अपेक्षित है। | 77, 80(रा.), 3 |



Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

| प्र. सं. 32/1/3 | अपेक्षित उत्तर और मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 18. | **शोषण से बचने के लिए उपभोक्ता जागरूकता अत्यावश्यक है : -**<br><br>बाजार में शोषण से बचने के लिए उपभोक्ता जागरूकता अत्यावश्यक है। बाजार उचित तरीके से कार्य नहीं करता है। बाजार में शोषण कई रूपों में होता हैं। इसलिए जागरूकता अत्यावश्यक है। पैकिटों पर कुछ जानकारियों दी गई होती हैं। जब हम कोई दवा खरीदते हैं तो पैकिटों पर विस्तृत जानकारी दी गई होती है। इसके लिए नियम बनाए गए हैं, जिससे निर्माता को वस्तु की जानकारी खुले रूप से प्रस्तुत करनी पड़ती है। यह इसलिए है कि उपभोक्ता जिन वस्तुओं और सेवाओं को खरीदता हैं, तब उपभोक्ता वस्तु की किसी भी प्रकार की कमी, खराबी होने पर शिकायत कर सकता है। मुआवजे पाने या वस्तु बदलने की माँग कर सकता है।<br><br>समग्ररूप में मूल्यांकन अपेक्षित है। | 80, (अ.), 3 |
| 19. | **वैश्वीकरण और उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा से उपभोक्ताओं को लाभः**<br><br>(i) वैश्वीकरण और उत्पादकों-स्थानीय एवं विदेशी दोनों के बीच बृहतर प्रतिस्पर्धा से उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है।<br>(ii) उपभोक्ताओं के समक्ष पहले से अधिक विकल्प हैं।<br>(iii) वे अब अनेक उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता और कम कीमत से लाभान्वित हो रहे हैं।<br>(iv) परिणामतः ये लोग पहले की अपेक्षा आज अपेक्षाकृत उच्चतर जीवन स्तर का आनंद ले रहे हैं।<br>(v) कोई अन्य संबद्ध बिन्दु।<br><br>किन्हीं तीन बिन्दुओं को न्यायोचित ठहराना अपेक्षित। | 66 (अ.), 3 |
| 20. | **पूँजी निवेश के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण**<br><br>(i) लघु उद्योग<br>(ii) बृहत उद्योग (½ + ½ = 1) | |



Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

| प्र. सं. 32/1/3 | अपेक्षित उत्तर और मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | **अंतर**<br>यदि किसी उद्योग में निवेश एक करोड़ रुपये से अधिक है तो उसे बृहत उद्योग कहा जाता है। उदाहरण के लिए लोहा और इस्पात उद्योग/ सीमेंट उद्योग (कोई अन्य उदाहरण) जबकि एक करोड़ रुपये से कम निवेश वाले उद्योग लघु उद्योग की श्रेणी में आते हैं। उदाहरण के लिए प्लास्टिक उद्योग, खिलौना उद्योग<br>(कोई अन्य संबद्ध उदाहरण) (2) | 71 (भू.),<br>1 + 2 = 3 |
| 21. | **ऋण की महत्त्वपूर्ण और सकारात्मक भूमिका -**<br>यदि ऋण समय पर और योजना के साथ दिया जाता है तो वह ऋण सहायक हो सकता है। हमारी रोजमर्रा की गतिविधियों में ऐसे बहुत से लेन-देन होते हैं, जहाँ किसी न किसी रूप में ऋण का प्रयोग होता है। यह देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने में भी सहायक होता है। सलीम का उदाहरण लें, अथवा किसी एक किसान या किसी व्यापारी का।<br>समग्ररूप में उदाहरण सहित मूल्यांकन अपेक्षित है। | 43 (अ.), 5 |
| 22. | **भारत में सांस्कृतिक प्रक्रियाओं को राष्ट्रवाद को बढ़ाने में भूमिका -**<br>(i) सामूहिक अपनेपन की भावना आंशिक रूप से संयुक्त संघर्षों के चलते पैदा हुई।<br>(ii) इनके अलावा बहुतसारी सांस्कृतिक प्रक्रियाएँ थीं, जिनके जरिए राष्ट्रवाद लोगों की कल्पना और दिलोदिमाग पर छा गया था।<br>(iii) इतिहास व साहित्य, लोक कथाएं व गीत, चित्र व प्रतीक सभी ने राष्ट्रवाद को साकार करने में योगदान दिया था।<br>(iv) राष्ट्रवाद की पहचान सबसे अधिक किसी तस्वीर में अंकित की जाती है।<br>(v) इससे लोगों को एक ऐसी छवि गढ़ने में मदद मिलती है, जिसके जरिए वे राष्ट्र को पहचान सकते हैं। | |



Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

| प्र. सं. 32/1/3 | अपेक्षित उत्तर और मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | (v) कोई अन्य संबद्ध बिन्दु। | |
| | किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है। | 70 (इ.), 5×1 = 5 |
| 23. | **व्यापार क्या है? अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का महत्त्व व्यापार :** व्यक्तियों, राज्यों और देशों के बीच वस्तुओं का आदान-प्रदान व्यापार कहलाता है। (1) | |
| | **अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का महत्त्व** | |
| | (i) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार किसी देश की आर्थिक प्रगति का सूचक माना जाता है। | |
| | (ii) इसलिए इसे राष्ट्र का आर्थिक बैरोमीटर कहा जाता है। | |
| | (iii) संसाधनों की उपलब्धता क्षेत्रीय है। फलतः सभी देश अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार पर निर्भर हैं। | |
| | (iv) विभिन्न देश प्रमुख व्यापारिक खण्डों के साथ व्यापारिक संबंध बनाए हुए हैं। | |
| | (v) वस्तुओं के आदान प्रदान की अपेक्षा सूचनाओं, ज्ञान तथा प्रौद्योगिकी का आदान प्रदान बढ़ा है। | |
| | (iii) कोई अन्य संबद्ध बिन्दु। | |
| | किन्हीं चार बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित। (4×1 = 4) | 97 (भू.), 1+4 = 5 |
| 24. | **वैश्वीकरण और वैश्वीकरण की प्रक्रिया को प्रोन्नत करने में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की भूमिका -** | |
| | वैश्वीकरण विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया है। (1) | |
| | **बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की भूमिका** | |
| | (i) मानव शक्ति का अधिकाधिक प्रवाह | |
| | (ii) निवेश | |
| | (iii) प्रौद्योगिकी | |



Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

| प्र. सं. 32/1/3 | अपेक्षित उत्तर और मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | (iv) वस्तुओं<br>(v) सेवाओं<br>(vi) अद्यतन शिक्षा<br>(vii) कोई अन्य संबद्ध बिन्दु।<br>किन्हीं चार बिन्दुओं की वर्णन अपेक्षित है। (4×1 = 4) | 62 (अ.)<br>1 + 4 = 5 |
| 25. | **''लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था अन्य शासन व्यवस्था से बेहतर हैं।''**<br>(i) लोकतंत्र शासन व्यवस्था नागरिकों में समानता को बढावा देती है।<br>(ii) यह व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाती है।<br>(iii) इसके फैसलों में बेहतरी रहती है।<br>(iv) टकरावों को टालने सभालने का तरीका प्रदान करती है।<br>(v) इसमें गलतियों को सुधारने की गुंजाइश होती है।<br>(vi) यह उत्तरदायी, जिम्मेदार और वैध शासन प्रदान करती है।<br>(vii) असमानता और गरीबी में कमी लाने का प्रयास करती है।<br>(viii) सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य बैठाती है।<br>(ix) कोई अन्य संबद्ध बिन्दु।<br>किन्हीं पाँच बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है। | 90 (रा.), 5×1 = 5 |
| 26. | **आर्थिक विकास में विनिर्माण उद्योगों की भूमिका**<br>(i) विनिर्माण क्षेत्रक अर्थिक विकास की रीढ़ समझे जाते हैं।<br>(ii) सर्वतोन्मुखी विकास, उद्योगों पर निर्भर है।<br>(iii) विनिर्माण उद्योग कृषि के आधुनिकीकरण में सहायक है।<br>(iv) विनिर्माण उद्योग रोजगार उपलब्ध कराकर कृषि पर हमारी निर्भरता को कम करते हैं। | |



Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

| प्र. सं. 32/1/3 | अपेक्षित उत्तर और मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | (v) देश में औद्योगिक विकास बेरोजगारी तथा गरीबी उन्मूलन की एक आवश्यक शर्त है। | |
| | (vi) जनजातीय तथा पिछड़े क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना का उद्देश्य क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना था। | |
| | (vii) निर्मित वस्तुओं का निर्यात वाणिज्य और व्यापार को बढ़ाता है। | |
| | (viii) इससे अपेक्षित मुद्रा की प्राप्ति होती है। | |
| | (ix) भारत की सम्पन्नता विविध व शीघ्र औद्योगिक विकास में निहित है। | |
| | (x) कोई अन्य संबद्ध बिन्दु। | |
| | किन्हीं पाँच बिन्दुओं की तर्कों सहित व्याख्या अपेक्षित। | 69 (भू.)<br>5 x 1 = 5 |
| 27. | **राजनीति पर दबाव समूहों और आंदोलनों का प्रभाव -** | |
| | (i) दबाव समूह और आंदोलन अपने लक्ष्य तथा गतिविधियों के लिए जनता का समर्थन और सहानुभूति प्राप्त करने की कोशिश करते हैं। | |
| | (ii) इसके लिए सूचना अभियान चलाना, बैठक आयोजित करना तथा अर्ज़ी दायर करने जैसे तरीकों का सहारा लेते हैं। | |
| | (iii) दबाव समूह मीडिया को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं ताकि मीडिया उनके मामलों पर अधिक ध्यान दे। | |
| | (iv) ऐसे समूह हड़ताल जैसी गतिविधियों का आयोजन करते हैं। | |
| | (v) मजदूर संगठन, कर्मचारी संघ तथा अधिकतर आंदोलनकारी समूह उनकी माँगों को मानने के लिए सरकार को बाध्य करते हैं। | |
| | (vi) व्यवसाय समूह प्रायः पेशेवर 'लॉबिस्ट' नियुक्त करते हैं। | |



Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

| प्र. सं. 32/1/3 | अपेक्षित उत्तर और मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | (vii) कुछ दबाव समूह राजनीतिक दलों द्वारा ही बनाए गए होते है और उनका नेतृत्व राजनीतिक दल ही करते हैं। | |
| | (viii) कुछ राजनीतिक पार्टियों का उदय ही आंदोलनों से होता हैं। | |
| | (ix) कोई अन्य संबद्ध बिन्दु। | |
| | किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है। | 66-67 (रा.)<br>5 x 1 = 5 |
| 28. | **सामूहिक भावना पैदा करने के लिए फ्रान्सीसी क्रान्तिकारियों द्वारा किए गए उपाय और कार्य -** | |
| | (i) पितृभूमि और नागरिक जैसे विचारों पर बल दिया गया। | |
| | (ii) एक नया फ्रांसीसी झंडा-तिरंगा चुना गया। | |
| | (iii) इस्टेट जेनरल का चुनाव सक्रिय नागरिकों के समूह द्वारा किया जाने लगा। | |
| | (iv) इसका नाम बदल कर नेशनल एसेंबली कर दिया गया। | |
| | (v) नयी स्तुतियाँ रची गईं। | |
| | (vi) शपथें ली गईं। | |
| | (vii) शहीदों का गुणगान हुआ। | |
| | (viii) एक केन्द्रीय प्रशासनिक व्यवस्था लागू की गई। | |
| | (ix) सभी के लिए समान कानून बनाए गए। | |
| | (x) भार तथा नापने की एक समान व्यवस्था लागू की गई। | |
| | (xi) फ्रेंच, राष्ट्र की भाषा बनी। | |
| | (xii) कोई अन्य संबद्ध बिन्दु। | |
| | किन्हीं पाँच बिन्दुओं विश्लेषण अपेक्षित। | 5 (इ.)<br>5 x 1 = 5 |



Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

| प्र. सं. 32/1/3 | अपेक्षित उत्तर और मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | **अथवा** | |
| | **वियतनाम में अमेरिका के युद्ध में कूद पड़ने से एक नया दौर -** | |
| | (i) 1965 से 1972 के बीच बड़ी संख्या में अमेरीकी (3403100) सैनिकों ने काम किया, उनमें महिलाएं (7484) शमिल थीं। | |
| | (ii) उसके बहुत सारे सैनिक (लगभग 47244) युद्ध में मारे गए और (303704) घायल हुए। | |
| | (iii) घायलों में से बहुत से सैनिक (23014) स्थायी रूप से अपंग घोषित कर दिए गए। | |
| | (iv) इस युद्ध में बड़े-बड़े हथियारों और टैंकों से लैस अमेरिकी सैनिक वियतनाम में झोंक दिए गए। उनके पास बमवर्षक विमान थे। | |
| | (v) अनेक गाँव नष्ट हो गए और विशाल जंगल तहस-नहस कर दिए गए। | |
| | (vi) इस युद्ध में असंख्य साधारण नागरिक मारे गए। | |
| | (vii) कोई अन्य संबद्ध बिन्दु। | |
| | किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित। | 45-46 (इ.)<br>5 x 1 = 5 |
| 29. | **उत्तर के लिए भरा हुआ संलग्न मानचित्र देखिए।** | 3 × 1 = 3 |
| | **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए -** | |
| | (29.1) मद्रास (चेन्नई) | |
| | (29.2) बिहार | |
| | (29.3) अमृतसर | 3 × 1 = 3 |



Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

| प्र. सं. 32/1/3 | अपेक्षित उत्तर और मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 30. | **उत्तर के लिए भरा हुआ संलग्न मानचित्र देखिए।** | $3 \times 1 = 3$ |
| | **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए -** | |
| | (30.1) गुजरात | |
| | (30.2) पश्चिम बंगाल | |
| | (30.3) तूतीकोरिन | $3 \times 1 = 3$ |




Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

✂ Cut Here यहाँ से काटें ✂ Cut Here यहाँ से काटें ✂ Cut Here यहाँ से काटें

MAP for Q. No. 29

32/1/1, 32/1/2, 32/1/3







Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

Downloaded-From:http://www.cbseportal.com

✂ Cut Here यहाँ से काटें ……………… ✂ Cut Here यहाँ से काटें ……………… ✂ Cut Here यहाँ से काटें ………………

MAP for Q. No. 30

321/1, 321/2, 321/3






Downloaded-From:http://www.cbseportal.com